भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) की प्रमाणित तकनीकी श्रेष्ठताओं में अपने विश्वास को दर्शाते हुए आन्ध्र प्रदेश विद्युत उत्पादन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एपीजेनको) ने आन्ध्र प्रदेश में विद्युत परियोजना के मुख्य पावर प्लांट पैकेज की आपूर्ति व स्थापना हेतु एक बड़ा ऑर्डर बीएचईएल का सौंपा है, जिसमें 600 मेगावाट थर्मल पावर विद्युत उत्पादन की एक नई रेटिंग की इकाई शामिल है ।

14,450 मिलयिन रूपये के इस अनुबन्ध के तहत बीएचईएल एपीजेनको की आन्ध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में रायलसीमा में भविष्य में स्थापित की जाने वाली कोयला आधारित थर्मल पावर परियोजना हेतु 1600 मेगावाट थर्मल पावर उत्पादन ईकाई की स्थापना करेगी ।

उल्लेखनीय है कि रायलसीमा थर्मल पावर परियोजना पहले ही बीएचईएल निर्मित 210 मेगावाट प्रत्येक की 5 यूनिटों से सुसज्जित है । इस ऑर्डर के साथ एपीजेनको ने एक बार फिर बीएचईएल की प्रमाणित तकनीकी श्रेष्ठताओं में अपने विश्वास को प्रदर्शित किया है । यह ऑर्डर भारतीय दशाओं और भारतीय कोयले के अनुकूल अति आधुनिक तकनीक से निर्मित उपस्करों की आपूर्ति के निष्पादन में बीएचईएल के नेतृत्व को सुदृढ़ करता है ।

उल्लखनीय है कि बीएचईएल द्वारा आपूरित 4250 मेगावाट संयुक्त क्षमता की सभी 19 यूनिटें इस समय एपीजेनको के पावर स्टेशनों में कार्यरत हैं और ग्राहक की सन्तुष्टि के अनुरूप कार्य कर रही हैं । आन्ध्र प्रदेश में इस समय बीएचईएल तीन अन्य थर्मल यूनिटों को भी निष्पादित कर रही है, जिनके चालू हो जाने पर 1700 मेगावाट विद्युत का उत्पादन होगा ।

इस ऑर्डर के तहत बीएचईएल, स्टीम टरबाइनों और बॉयलरों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति इरेक्शन परीक्षण एवं कमीशनिंग के कार्य क

अलावा अन्य सहायक ऑक्जलरीज जिसमें स्विचयार्ड शामिल है एंव अति आधुनिक कन्ट्रोल्स एवं इन्स्ट्रूमेंटेंश्ान (सी एंड आई) का कार्य भी करेगी ।

बीएचईएल ने 1000 मेगावाट तक के थर्मल सेटों के विनिर्माण की अति आधुनिक तकनीक को पूर्णतः अपने यहां स्थापित कर लिया है । कम्पनी ने सुपरक्रिटिकल पेरामीटरों के साथ 600/700/800/ मेगावाट रेटिंग के थर्मल सेटों के उत्पादन हेतु अपने को सुसज्जित कर लिया है । ग्राहकों कीमांग को पूरा करने के लिए कंपनी ने 250 मेगावाट और 500 मेगावाट के अलावा 270 मेगावाट, 525 मेगावाट और 600 मेगावाट के नई रेटिंग के थर्मल सेटो को बाजार में उतारा हे । उल्लेखनीय है कि बीएचईएल ने अभी तक 600 मेगावाअ के 20 सेटों के ऑर्डर प्राप्त कर लिये हैं।

बीएचईएल, देश के विद्युत विकास कार्यक्रम के प्रति प्रतिबद्ध है और देश की विद्युत मांग को पूरा करने के लिए खुद को तकनीक, सुवधाओं व प्रशिक्षित कर्मचारियों से सुसज्जित कर भारतीय विद्युत विकास क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करती है । कम्पनी ने अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ा कर 15000 मेगावाट प्रति वर्ष तक स्थापित कर लिया है और इसे बढ़ा कर 20000 मेगावाट प्रति वर्ष करने का कार्य प्रगति पर है ।